**खबर संक्षेप**

### बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं से गूंजा अंजनिया

**अंजनिया।** सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेभर के अलावा गांव भर में खासा उत्साह देखने को मिला है जगह-जगह शोभा यात्राए निकाली गई है तो वही मंदिरों में सुंदरकांड व रामायण पाठ के आयोजन हुए है। जहां इसी क्रम पर पूरा अंजनिया ग्राम भगवा झंडे, टंडिया,पोस्टर व बैनर से छाया रहा है। इस दौरान प्रसादी भंडारा का वितरण भी हुआ जिसमें इसी धार्मिक आयोजनो के मध्य जय श्री राम के नारे दिनभर गूंजते रहे है देर शाम अंजनिया के सभी मंदिर एवं धार्मिक स्थल जगमग दीप से जग-मगाते हुए दिखाई दिये है। इस दौरान अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अंजनिया के माँ दुर्गा दरबार बस स्टैंड परिसर पर टेलीकास्ट प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया है। जहां काफी संख्या पर भक्तों की भीड उमड़ी इससे बस स्टैंड का दुर्गा माँ दरबार, शीतला माता दरबार, गायत्री मंदिर परिसर, बीजेपी कार्यालय के सामने हनुमान मंदिर परिसर, शांति चौक पर धार्मिक स्थल परिसर, रेंज का चमत्कारिक हनुमान मंदिर परिसर, खैरमाई परिसर , त्यागी आश्रम बगल में हनुमान मंदिर परिसर, मेरे घर राम आए हैं जैसे गीत से गूंजयमान हो रहा था।

### स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा यह खास दिन-संपतिया उइके

**मण्डला।** श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पीएचई मंत्री ने पड़ाव राम मंदिर के कार्यक्रमों तथा वाहन रैली में सहभागिता की। संपतिया उइके सराफा बाजार स्थित राम मंदिर, सिंधी धर्मशाला, कृषि उपज मंडी के हनुमान मंदिर, शोभायात्रा, जिला पंचायत के पास हनुमान मंदिर, ग्राम सुरखी में आयोजित कार्यक्रम तथा हनुमान लला समिति द्वारा आयोजित 3 हजार लोगों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि वह सनातन के प्रतीक भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रही है।

**जिले भर में हुए विविध आयोजन, रामनाम की गूंज से गुंजायमान हुआ जिला**

# कलयुग में मनी त्रेता युग की दीपावली







*** सुंदर काण्ड पाठ में भक्ति में सराबोर शहर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले भर में प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाए। जिले का हर एक व्यक्ति रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर बेहद उत्साहित था। अल सुबह से ही मंदिरो, घरों में पूजन, पाठ, रामधुन और राम चरित मानस पाठ का आयोजन शुरू हो गया था। धार्मिक आयोजनों से पूरा जिला राममय हो गया। जिले का ऐसा कोई स्थान या क्षेत्र नहीं था, जहां से राम नाम की गूंज सुनाई ना दी हो। सुबह से देर रात्रि तक राम नाम की गूंज गूंजायमान रही। जिले भर में रामधुन, भजन मंडली, रामायण पाठ का आयोजन दिन भर चलता रहा। दिन भर जगह-जगह भंडारा चलता रहा।

अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जिला मंडला में पूरा माहौल राममय हो गया। लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में भव्य सजावट की है। शहर के सार्वजनिक स्थल भी रोशनी से जगमगा रहे थे। कई स्थानों में अखंड रामायण चल रहा था। पूरा शहर राम लिखे और राम के चित्र बने झंडों से पटा हुआ था। इसी तारतम्य में मुख्यालय के नजदीक सूर्यकुण्ड धाम में सूर्यकुण्ड महाआरती भंडारा समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में बने प्रवेश द्वार से मंदिर परिसर तक 11 हजार दीपों से श्रीराम के आगमन का स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों दीपों से सूर्यकुण्ड धाम रोशन हो गया। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी भी भंडारा समिति द्वारा कराई गई।

### संगीतमय सुंदर कांड पाठ में उमड़े श्रृद्धालु

श्री हनुमानलला सेवा समिति द्वारा तहसील चौराहे में भव्य संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता दर्ज की। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी शाम 4 बजे से आयोजन शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के छोटे बच्चों ने हनुमान चालीस सुनाकर शुरू की। बच्चों द्वारा दी गई हनुमान चालीस की प्रस्तुति से उपस्थित श्रृद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के अगले चरण में निकाली गई शोभा यात्रा का समापन कार्यक्रम स्थल में हुआ। जहां शोभा यात्रा में शामिल संतों का स्वागत किया गया। इसके साथ श्रीराम चंद्र जी की सजीव झांकी के पात्रों को मंच में स्थान दिया गया। जिसके बाद भव्य संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन शुरू किया गया। सुंदर कांड पाठ की शुरूआत होते ही चारो ओर का वातावरण धर्ममय हो गया। मौजूद लोग राम नाम के सरोबर में गोते लगाने लगे। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी की गई।

### श्रीराम मंदिर से निकाली जाएगी वाहन रैली

श्रीराम मंदिर पड़ाव से सुबह 9 बजे विशाल वाहन रैली निकाली गई। आयोजन सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा आयोजित किया गया। वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर में ही रैली का समापन किया गया। वाहन रैली में सैकड़ों लोगों ने अपनी सहभागिता दी। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवारी हनुमान मंदिर, आजाद वार्ड के बाबाघाट स्थित हनुमान मंदिर, जेल ग्राउंड स्थित हनुमान मंदिर, बस स्टेण्ड स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में भी पूजन हवन भण्डारा का आयोजन किया गया।

### परशुराम मंदिर में आयोजन

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में भगवान परशुराम एवं दिव्य कामधेनु मंदिर मां सिंहवाहिनी परिसर नाव घाट में शाम 6.30 बजे से श्रीरामधुन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी के साथ जेलघाट स्थित परशुराम मंदिर में रंगोली कार्यक्रम और प्रसाद वितरण किया गया।

### हनुमान शेषनाग मंदिर में विविध आयोजन

जिला पंचायत के सामने हनुमान शेषनाग मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुबह 9 बजे से हनुमान मंदिर में चोला पूजन आरती की गई। जिसके बाद 11.30 बजे भगवान श्रीराम पर लघु फिल्म बच्चों द्वारा दिखाई गई। 12.20 बजे 56 भोग लगाया गया। 01 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा रामायणम मार्केट का भूमि पूजन किया गया। 02 बजे न्यू जर्सी प्री स्कूल में श्रीराम चरित पर बनी झांकी का प्रदर्शन किया गया। 2.30 बजे कार सेवकों का सम्मान के बाद 03 बजे से भण्डारा आयोजित किया गया। इसके बाद शाम 06 बजे से दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी की गई।






# घुघरी में गूंजे जय-जय श्री राम नाम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/घुघरी

500 वर्षों के लम्बी प्रतिक्षा के बाद जहां अयोध्या में प्रभू श्री राम का पुनः आगमन हुआ है इस प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर सारे देश में हर्षोल्लास का जो माहौल है उसी क्रम में नगर घुघरी में भी राम भक्त नगरवासियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा उत्सब को विशेष भव्यता के साथ मनाया गया नगर के सभी मंदिरों को सुसज्जित किया गया श्री आंनद कृष्ण आश्रम घुघरी में स्थित श्री राम मंदिर का विशेष श्रृंगार कर भव्य स्वरूप प्रदान दिया गया, सम्पूर्ण नगर में नगरवासियों द्वारा ध्वजा एवं तोरण लगाई गई।



### तीन दिवसीय अनुष्ठानों का आयोजन

तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया जहां 20 जनवरी शनिवार को सामूहिक सुंदरकांड पाठ कर अनुष्ठान का आरंभ किया गया जिसे 21 जनवरी रविवार को आगे बढाते हुए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठन एवं रविवार से अखंड रामधुन कार्यक्रम का आयोजन श्री आनंद कृष्ण आश्रम घुघरी में किया गया, आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को आरंभ होते ही आनंद कृष्ण आश्रम घुघरी में भी प्रभू श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर कई वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

इस अबसर पर राम भक्तों द्वारा श्रीराम दरबार की सुसजजित झांकी, कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो सम्पूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए श्रीसिद्धबाबा आश्रम घुघरी तक गई जिसमें हजारों की संख्या महिला, पुरूष, बच्चे नगरवासी शामिल हुए जो डीजे और बैंड की धुन में नाचते गाते अपने उत्साह एवं आस्था को व्यक्त किया। नगर के सभी मंदिरों में भक्तों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यक्रम का समापन में शाम 4:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजान किया जिसमें अनेक श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा कार्यक्रम कर निकाली गई रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मण्डला के द्वारा श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग, बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" के सभागृह में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राम,लक्ष्मण, सीता को सजाया गया। सजे हुए राम, लक्ष्मण, सीता बहुत ही सुंदर और आकर्षण मूर्त दिख रहे थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान को भोग लगाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सभी ने अपने अपने घर से दिए लाकर दीप प्रज्वलित किये। मण्डला क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को इस शुभ अवसर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हम सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि आज अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। आज पूरा देश उमंग उत्साह के साथ इस पर्व को मना रहा है। इसके बाद ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग,बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" से रैली निकाली गई। इस रैली में राम, लक्ष्मण, सीता रैली के आगे आगे चल रहे थे। इस रैली में ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया। यह रैली स्थानीय सेवाकेंद्र से निकलकर मुख्य स्थानों से होते हुए वापस स्थानीय सेवाकेंद्र में सम्पन्न हुई।

**प्रतिभा** | **उल्टे अक्षर लिखने की विधा में माहिर हैं अखिलेश।**

# भागवत गीता के साढ़े तीन दिन में लिखे 18 अध्याय

*** अब लिख रहे हनुमान चालीसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

लोगों को ग्रंथ, किताबें सीधे अक्षरों में लिखते हुए सभी ने देखा होगा, लेकिन जिला मंडला के अखिलेश अग्रवाल एक ऐसे शख्स है, जिन्होंने करीब 30 दिनों में पूरी रामायण उल्टे अक्षरों में लिख दी। अखिलेश मिरर राइटिंग में माहिर है, जो हम सीधे अक्षरों को जितनी स्पीड में लिखते है, वहीं अक्षरों को अखिलेश मिरर राइटिंग में बखूबी उतनी ही स्पीड से लिख लेते है। इनके द्वारा लिखे गए शब्दों को सीधे देखकर पढन्ना काफी मुश्किल होता है। इसे पढन्ने के लिए एक आईन की जरूरत पड़ती है, क्यों यह लेखनी मिरर में होती है, जिसे आईन के सामने रखने से उनके लिखे अक्षर सीधे हो जाते है। बता दे कि मिरर राईटिंग का यह कारीगर मंडला जिले के श्रीराम वार्ड निवासी अखिलेश उर्फ बिल्लू अग्रवाल हैं। अखिलेश पेशे से एक व्यापारी हैं, जिन्होने ईश्वर से मिले इस हुनर से बहुत सी किताबों को उल्टे शब्दों में लिखा है।



### उल्टे अक्षरों में गीता के लिखे 18 अध्याय

बताया गया कि विगत कई वर्षो से अखिलेश उल्टे अक्षरों से लिखने में महारात हासिल कर ली है। इनकी इस कला से अब अखिलेश गीता के 18 अध्याय को सिर्फ साढ़े तीन दिन में और रामायण को करीब 30 दिन में लिखी है। इसके साथ ही इन्होंने और भी कई कहानी, चुटकुलों को उन्होंने उल्टे शब्दों में लिखा है। इसके साथ ही अखिलेश अब हनुमान चालीसा लिख रहे हैं।

### ऐसे मिली उल्टे लिखने की प्रेरणा

अखिलेश ने बताया कि इस हुनर की शुरुआत एक मेले से की थी, जहां मेले पर आए एक स्टाल पर 5 शब्द उल्टे अक्षरो में लिखने पर 1 रुपए के 2 रुपए मिलने का दावा किया जाता था। इसके बात क्या था, एक रुपए के बदले 2 रुपए हासिल करने के लिए मैने सिर्फ 5 नाम उल्टे लिखना सीख लिया और आयोजको के पास जाकर लिखकर दिखा दिया, तो उन्होंने इसे गलत साबित कर दिया और 1 रुपए भी चले गए। इसके बाद अखिलेश ने ठाना लिया कि वह अब उल्टे ही लिखेंगे। इसके बाद अखिलेश ने उल्टे अक्षरों को लिखने के लिए दिन रात एक कर दिया। उन्होंने न्यूज पेपर, किताबों को उल्टे अक्षरों में लिखना शुरू कर दिया। उल्टा लिखने का जुनून इस कदर छाया कि उन्होंने मिरर राईटिंग में हिन्दी, संस्कृति लिखने महारत हासिल कर ली।

## नैनो यूरिया तरल से लघु कृषक होंगे लाभांवित

*** कृषकों के लिए वरदान साबित होगा यह प्रयोग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

सीमांत ही नहीं लघु कृषक के जीवन में जबर्दस्त आर्थिक लाभ के लिए इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को ऑपरेटिव लिमिटेड ने हरित क्रांति की कड़ी में नैनो यूरिया तरल से लघु कृषक भी लाभान्वित होंगे, यह प्रयोग कृषकों के लिए वरदान साबित होगा। स्टेट मार्केटिंग मैनेजर पीसी पाटीदार ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहां कि नैनो तकनीक का प्रयोग, कृषि क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगा।

कार्यक्रम में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन एवं नैनो उर्वरक सागरिका बायो फर्टिलाइजर व बायो डी कंपोजर के विषय में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किसानों की फसल का किस आसन विधि से उत्पादन बढ़ाया जाए और कम लागत में अधिक मुनाफा वह भी बिना नुकसान के लिया जा सकता है।




आयोजित कार्यक्रम में इफको द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उपयोग प्रोत्साहन के लिए नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी किंगफिशर रिजॉर्ट मंडला में इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड जबलपुर द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुखता उपसंचालक कृषि मधु अली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक नरेंद्र कोरी एवं मैनेजर इन्वेंटरी मैनेजमेंट हृदयेश तिवारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंडला ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

## गन्ना खेतों में जलाई जा रही पतरोई बनी परेशानी का कारण

**गाडरवारा।** लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही आम लोगों द्वारा जिसका परिणाम यह जान पड़ने लगा है कि क्षेत्र की स्थिति एक दिन इस प्रकार से बन जावेगी जिस प्रकार से देश की राजधानी दिल्ली में निर्मित होते हुये देखी जा रही है, क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में गन्ना कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद जहां किसानों द्वारा अपने खेतों को खाली करने के लिये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई को धडल्ले से जलाया जा रहा है, वही दूसरी ओर क्षेत्र की शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आये हुये लोगों द्वारा भी अपनी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गन्ने की फसल को पहले आग के हबाले करते हुये कटाई की जा रही है। इस प्रकार से गन्ने की पटराई को जलाने का परिणाम है कि नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में गन्न की जली हुई पटरोई के कारण दिन भर कालिख उड़ते हुये देखी जा रही है जो लोगों की छतो सहित मुख्य मार्गो पर पड़ी हुई आसानी से देखी जा सकती है। बताया जाता है कि बाहर से आये हुये गन्ना काटने का कार्य करने वाले लोगों द्वारा काटे गये गन्ने से पत्ते हटाने में होने वाली परेशानी से निजात पाने के लिये पहले उसमें आग लगा दी जाती है ।

## बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

**सालीचौका।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरा सर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है?

## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा

**गाडरवारा।** जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है, वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है ।





# राम दीपावली से जगमगा हुआ शहर

## भगवा झंडे व रोशनी से सजे हुये मंदिरों में सुबह से देर रात तक चलते रहे भंडारे-कीर्तन

सोमवार की सुबह होते ही जहां नगर पूर्णरूप से राममह होने से नही चूक पाया था तो दूसरी ओर 22 जनवरी 2024 का दिन भारत वर्ष के इतिहास पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पाया है। क्योंकि हर व्यक्ति की जुबान पर एक ही शब्द गूंजते हुये सुनाई दे रहा था कि मेरे देश के भाग्य आज से बदल जायेगे..,

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



क्योंकि अपनी जन्म भूमि पर आ चुके है अब राम लला..। इस तरह सोमवार को नगर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र राममह होने से लोग भगवान की भक्ति में लीन नजर आ रहे थें तो दूसरी मंदिरों को नई नबेली दुल्हन की तरह सजाते हुये अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजनों की धूम दिखाई देना शुरू हो गया था। वही जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में दोपहर 12 बजे के बाद भगवान राम लला को विराजमान करने के लिये पहुंचे तो ऐसा प्रतीत होने लगा था के मानों नगर की गलिया पूर्णरूप से सूनी हो चुकी है। क्योंकि 500 वर्ष के बाद आई इस शुभ घंडी को हर हिन्दू सनातनी व्यक्ति को इंतजार था जिसके चलते लोग अपने आंखों से भगवान रामजी को अपने मंदिर में विराजमान होते हुये देखने का साक्षी बनने से नही चूक रहा था। इसी के चलते लोग अपने घरों के अंदर टेलीविजन पर चल रहे सीधे प्रसारण को देखने के लिये उत्साहित हो रहे थें और गलिया सूनी पड़ चुकी थी। जब भगवान राम लला अपने आसन पर विराजमान हुये तो लोगों में जिस तरह उत्साह का सागर उमडा जहां दिन के समय ही दीवाली मनाते हुये चारों ओर से फटाखों की आवाज गूंजते हुये सुनाई दे रही थी वही दूसरी ओर मंदिरों से घंटे व झालरों की आवाज ने संपूर्ण शहर को भगवान की भक्ति में लीन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह नगर के सभी मंदिरों को जिस तरह लोगों द्वारा सजाया गया था उनकी मनोरम झांकी देखने के लिये लोगों में इस तरह का उत्साह भरा हुआ था कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरांत सड़कों पर उमड़ी हुई भीड के चलते शहर जहां धर्म की गंगा में डूब चुका था और युवाओं द्वारा अनेक प्रकार के नारे लगाते हुये अपनी टोलिया निकालते हुये खुशी का इजहार करते हुये देखे जा रहे थें। वही लोगों के दिलो के अंदर छिपी हुई सच्चाई के नारे अब अपनी जुबान पर उभरकर आने के चलते सुनाई पड रहे थें कि जो कहा था वह कर डाला, बडा ही दमदार निकला यहे 56 की चौड़ाई बाला..। वही दूसरी ओर लोगों के घरों की दृश्य तो इस तरह से देखने मिल रहा था की महिलाओं ने अपने घरों के सामने गाय के गोबर से लिपाई करते हुये अनेक प्रकार की रंगोली डाली गई थी जिसमें भगवान राम का मंदिर सहित उनकी मूर्ति दिखाई देने से नही चूक रही थी। वही अनेक जगहों पर भगवान राम, माता सीता व राम भक्त लक्ष्मण तथा हनुमान जी नजर आ रहे थें तो अनेक रंगोलियों में भगवान शिव जी व माता पार्वती दिखाई दे रहे थी। इस तरह 22 जनवरी 2024 को लोगों द्वारा राम दीपावली का रूप देती हुई जहां अपने घरों में अनेक प्रकार के पकि पकवान तैयार किये गये थें तो अनेक लोग मिठाई दुकानों से खरीदारी करते हुये भगवान को मिठाई सहित लड्डू व अन्य व्यंजनों का भोग लगाते हुये देखे गये। इस तरह तोरण फूल मालाओं से सजे हुये घरों के अंदर से भगवान की पूजन अर्चन सहित आरती के मनोरम स्वर सुनाई देने से नही चूक रहे थें। वही दूसरी ओर नगर के मंदिरों में सुबह से शुरू हुये पूजन अर्चन का कार्यक्रम दिन भर चलते हुये देखा गया और इन मंदिरों में आयोजित किया गया प्रसादी वितरण के साथ भंडारे के कार्यक्रम देर रात तक जारी रहे। वही शाम के समय सैकडों की संख्या में नगरवासियों द्वारा भगवान के मंदिरों पर पहुंचकर दीप चलाते हुये पूजन अर्चन किया गया तथा महा आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। इसके बाद लोगों द्वारा दीवाली की तरह तोरण लाईटिंग सहित अन्य प्रकार की सामग्री से सजाये गये अपने घरों में दीपक जलाते हुये भगवान राम लला की आराधना में इस तरह लीन नजर आये कि 22 जनवरी 2024 सोमवार का दिन इतिहास के पन्नों में इसलिये दर्ज होने से नही चूक पाया क्योंकि इस दिन को लोग राम दीपावली का नाम देने से नही चूक रहे थें। वही दूसरी ओर नगर के अनेक जगहों पर लोगों द्वारा भगवान राम की शोभा यात्रा निकालते हुये देखा गया। राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को शांति पूर्वक संपन्न कराये जाने को लेकर प्रशासन पूर्णरूप से अलर्ट मूड में नजर आने के चलते जहां दिन भर पुलिस अधिकारियों को पैदल या फिर वाहनों से शहर की सड़को पर भ्रमण करते हुये देखा गया तो दूसरी ओर नगर के मंदिरों से लेकर प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहते हुये लोगों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुये था। इस तरह 500 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद आई हुई इस शुभ घंडी को लेकर लोगों में जिस तरह का उत्साह देखने मिला है उससे यह बात प्रतीत होने से नही चूक पा रही है कि अब यह 22 जनवरी सदा के लिये राम दीवाली के रूप में बदले से नही चूक पायेगी और हर साल लोगों द्वारा भगवान राम लला के मंदिर में विराजमान होने की वर्षगांठ को सदा ही राम दीपावली के रूप में मनाते हुये देखा जावेगा। इस तरह भारत वर्ष के इतिहास में माँ लक्ष्मी पूजन की दीवावली के साथ साथ अब राम दीपावली मनाने से नही चूकेगे।

## क्षेत्र में बढ़ रही किसानों के कृषियंत्रों के चोरी होने की घटनाएं, चिंता में देखे जा रहे क्षेत्र के किसान

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस समय जिस प्रकार से डोगरगांव पुलिस थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है उसके चलते क्षेत्र के लोग लगातार दहशत की स्थिति में तो देखी ही जा रहे है। वही दूसरी ओर पूर्व में घटित हुई अनेक बडी चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस सफलता जहां चर्चा का विषय बनी हुई है। मगर अब स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि किसानों के खेतों पर रखे हुए कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्योंकि इस समय चल रहे कृषि कार्य के सीजन के चलते किसानों को सिंचाई हेतु मुश्किल से ही बिजली मिल पा रही है जिसके चलते किसान अपने खेतों में लगी हुई फसलों की सिंचाई बगैर ठंड की परवाह किये करने में लगा हुआ है। मगर जब देखा जाता है कि किसान अपने खेतों से थोडी देर के लिए जब अलग होता है तो वहां पर रखे हुए कृषियंत्रों पर



अपने हाथ साफ करने वाले कोई मौका नही छोड़ रहे है जिसके चलते क्षेत्र के किसान दहशत में देखे जा रहे है इस प्रकार से किसानों के कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं के चलते जहां क्षेत्र के किसानों को आर्थिक क्षति का सामना तो करना ही पड़ रहा है, वही दूसरी ओर उनके कृषि कार्यो में भी काफी व्यवधान पैदा हो रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, वही दूसरी ओर बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से चल रहे शराब के अवैध कारोबार का परिणाम ही है कि इस प्रकार से चोरी जैसी घटनाएं आम होती जा रही है? क्योकि इस भीषण महंगाई के दौर में जब युवाओं को इस प्रकार से नशे की लत लग जाती है और उसे पूरी करने के लिए युवाओं के पास जब धन का आभाव होता है तो वह इस प्रकार से चोरी जैसे कदम उठाते हुए अपनी लत को पूरी करने से नही चूकते है? इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि गांव गांव बिक रही अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लग जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही किसानों के खेतों से लगातार हो रहे कृषियंत्रों की चोरी की शिकायते करने के बाद जब सिहोरा पुलिस चौकी से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि चोरों की खोजबीन जारी है, मगर अभी तक कोई पता नही चल पाया है?

# रेल पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान हाथ लगी बड़ी सफलता

## युवक के पास से जप्त की गई पिस्टल सहित जिंदा कारतूस व भारी मात्रा में सोने के जेवर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।




सोमवार को संपन्न हई अयोध्या नगरी के नव निर्मित मंदिर भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को दौरान किसी भी अवैधानिक गतिविधि से निपटने के लिये देश से लेकर प्रदेश व जिले के साथ साथ साथ स्थानीय स्तर का पुलिस प्रशासन पूर्णरूप से अलर्ट देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर संदिग्धो पर पैनी नजर रखते हुये लगातार चैकिंग अभियान चलाते हुये लोगों से पूछताछ की जा रही थी। इसी के चलते ट्रेनों में यात्रा में यात्रा करने वालों पर रेल पुलिस द्वारा पैनी नजर रखे जाने के दौरान गाडरवारा रेल पुलिस द्वारा अपनी चैकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ते हुये उसके पास से पिस्टल सहित जिंता कारतूस व सोने के जेबर जप्त करने में बडी सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में गाडरवाा रेल पुलिस थाना प्रभारी व्ही पी मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि रेल पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल से जारी आदेशों के पालन में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होने के कारण आपराधिक गतिविधियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद व अति.पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर इसरार मंसूरी तथा उप पुलिस अधीक्षक लोकेश मार्को के निर्देशन में 22 जनवरी के लिये संदिग्धों पर नजर रखने के लिये गठित की गई टीम में गाडरवारारेल थाना प्रभारी निरीक्षक व्ही.पी.मिश्रा था उप निरीक्षक पी.के.अहिरवार, सउनि सुशील सिंह ठाकुर यानि की (संदिग्धों पर पैनी नजर रखने वाले जबाज पहलवान) के आलवा आर.266 रवि पुरोहित ,आर.278 मिहीलाल ,आर.315 विमलेश ठाकुर के द्वारा रेल्वे स्टेशन गाडरवारा पर चैकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीक के दौरान स्थानीय रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म नं. 1 के मुसाफिर खाना एटीएम के सामने दबिश दी गई तो एक युवक संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम अशोक पिता बटई लोधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम वासी थाना तारादेही जिला दमोह होना बताया गया। वही जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से दाहिने तरफ कमर में एक लोहे की पिस्टल जिस पर MADE IN JAPAN लिखा हुआ तथा जिंदा कारतूस के साथ खोंसे मिला। इस तरह अवैध रूप से पिस्टल रखे हुये पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर पिस्टल के संबंध में कोई लायसेंस ,वैध दस्तावेज न होने पर पिस्टल को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ 25/27 एर्म्स एक्ट के मामला दर्ज करते हुये गिरफ्तार किया गया है। वही रेल पुलिस द्वारा जप्त की गई इस विदेशी पिस्टल की कीमत लगभग 1 लाख 26 हजार रूपया आकी जा रही है। वही रेल पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में आगे बताया कि आरोपी अशोक लोधी से थाना के अन्य अपराधों में पूछताछ करने पर आरोपी से विधि पूर्वक धारा 379 भादवि में एक सोने की चैन कीमती 48 हजार तथा अपराध क्रमांक 312/23 धारा 379 भादवि में एक जोड सोने की झुमकी कीमती 30 हजार एवं अपराध क्रमांक 13/24 धारा 379 भादवि में नगदी 600 रूपये का मशरूका जप्त बरामद किया गया है। रेल पुलिस का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी जिला पुलिस दमोह के अपराध में सम्मिलित रहा है एवं आरोपी का भाई तिलक लोधी भी यात्री ट्रेनों का शातिर चोर निगरानी शुदा बदमाश है, जिसके विरूद्ध कई जिलों में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं । आरोपी अशोक लोधी के द्वारा यात्री ट्रेनों में चोरी अपने साथी पप्पू उर्फ जवाहर तिवारी पिता स्व.रमेश तिवारी उम्र 50 साल निवासी पुराने थाने के पीछे रामनगरी मोहल्ला रहली थाना रहली जिला सागर हाल पता – सतधारा पुल के नीचे बरमान घाट थाना करेली जिला नरसिंहपुर के साथ मिलकर घटित किया है , जिसकी पता तलाश करने पर आरोपी को बरमान घाट पर दस्तयाब किया जाकर अपराध क्रमांक 11/24 धारा 379 भादवि में एक सोने की अंगूठी कीमती 18 हजार रूपये व अपराध क्रमांक 312/23 धारा 379 भादवि में एक सोने का मंगलसूत्र कीमती 36 हजार रूपये कीमत एवं अपराध क्रमांक 12/24 धारा 379 भादवि में नगदी 400 रूपये के आलवा अपराध क्रमांक 142/23 धारा 379 भादवि का चोरी गया मशरूका नगदी 500 रूपये का मशरूका जप्त बरामद करने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह रेल पुलिस द्वारा गठित की गई टीम द्वारा आरोपियों के पास से कुल मिलाकर 2 लाख 59 हजार 500 की सामग्री सहित पिस्टल व जिंता कारतूस जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस तरह देखा जावे तो जहां पूरा देश भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने की खुशी में मग्न नजर आ रहा था तो दूसरी ओर पुलिस द्वारा अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही थी जिसको गाडरवारा रेल पुलिस थाना प्रभारी व्ही पी मिश्रा की टीम द्वारा पकड़ने में बडी सफलता हासिल कर डाली है। निश्चित तोर से यदि रेल पुलिस यदि समय रहते हुये इस आरोपी को पकड़ने में असफल होती तो यह किसी बडी घटना को अंजाम देने में सफल हो सकता था। मगर रेलवे टीआई मिश्रा की टीम ने आरोपी को अपने मकसद में सफल होने के पहले ही सलाखों के पीछे भेजते हुये राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अपने दायित्वों का निर्भाहन करते हुये विशेष योगदान देने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

# ग्राम सहावन में निकाली गई भगवान राम लला की भव्य शोभायात्रा




**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** सोमवार के दिन जहां संपूर्ण देश भगवान श्रीराम की आराधना में लीन नजर आ रहा था तो फिर ग्रामीण क्षेत्र जनों में भी रामजी की नगरी अयोध्या में होने वाली राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह मनाने में पीछे नजर नही आ रहे थें। इसी के चलते सोमवार को ग्राम सहावन में ग्रामवासियों द्वारा भगवान श्रीराम के भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में जहां डीजे व बैंड बाजों के बीच आमजन भगवान राम के मंदिर में विराजमान होने की खुशी के चलते झूमते हुये नजर आ रहे थें तो दूसरी ओर महिलाये अपने सिर पर मंगल कलश रखते हुये मनोरम गीतों का गायन करते हुये यह बात कहने से नही चूक रही थी के भये प्रकट कृपाला, मंदिर में विराजे हमारे राम लला.., अब देश में चारों ओर दिखाई देने लगेगी की खुशहाली की झला..। इस तरह ग्रामीणों द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा को जहां जहां लोगों द्वारा पूजन अर्चन करते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया गया। वही दूसरी ओर इस संबंध में जब गांव के बुजुर्गो से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आज का दिन निश्चित तौर से भडा ही सौभाग्य वाला है जिसके चलते हम लोग जिस भगवान को अपने घर में विराजमान होने की आस छोड चुके थें मगर देश के रखवाले ने उस कर डाला जिसकी कल्पना तक नही कर सकते थें। अब हमारे दिलों में सिर्फ एक ही तमन्ना शेष रही है कि कब हम अयोध्या नगरी पहुंचे और मंदिर में विराजे हुये राम लला के दर्शन करे।

## कागजों के हिसाब से तो नियुक्त है स्वास्थ्य कर्मी, मगर चक्कर काटते रहते है ग्रामीणजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में अनेक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापति किये गये है, मगर यदि ईमादारी से देखा जावे तो इन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा रही है? एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के साथ साथ इस समय अन्य नये प्रकार की दहशत संपूर्ण क्षेत्रवासियों को दहशत में डालने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कमी नर्स व मलेरिया वर्कर अपने मुख्यालय से गायब रहतें है? ऐसे में टीकाकरण सहित शासन द्वारा ग्रामीणजनों के नाम पर चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, शायद ही इसका किसी के पास कोई जबाव हो? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस समय लगातार फैल रही मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुये क्रम में देखने मिल रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई प्रसूताओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण में भी देखने मिल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में शायद ही कभी निर्धारित तिथि पर लगते हुये देखे जा रहे हो...? इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि गॉवों में प्रसूताओं को नर्से बजाय शासकीय दवाएँ उपलब्ध कराने के बाजार की दवाएँ मगवाती है ।

दिल्ली पब्लिक
इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा छठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-7224021199 Ph.-07791-299077 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### मांसाहारी पदार्थ का क्रय विक्रय पर 26 को रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

**कटनी।** 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर्व होने के कारण समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी, मछली आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा। अतः समस्त दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर्व होने के कारण मांसाहारी पदार्थ ना बेच न खरीदें न पकाये। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### आंगनबाड़ियों में रहा अवकाश

**कटनी।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों एवं मिनी आंगनबाड़ियों में 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया था। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस सबंध में आदेश जारी कर दिया था ।

### महाराष्ट्र के सोलापुर में फंसे श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

**कटनी।** महाराष्ट्र राज्य में कटनी जिले के मुश्किल परिस्थितियों में फंसे श्रमिकों की वापसी हो रही है। ये सभी श्रमिक बहोरीबंद क्षेत्र के है। कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से एक बार फिर बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम टिकरिया एवं कुम्हरवारा के करीब 23 श्रमिक वापस आ रहे हैं। श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि इन सभी श्रमिकों को गन्ना कटाई हेतु महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के अंतर्गत अक्कलकोट तालुका के घोणस गांव में किसी ठेकेदार द्वारा ले जाया गया था,उन सबकी सुरक्षित वापसी हो रही है। क्षेत्रीय विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय द्वारा श्रमिकों के महाराष्ट्र में फसे होने की जानकारी कलेक्टर को दी गई थीद्य कलेक्टर के संज्ञान में जानकारी आते ही जिला प्रशासन ने गंभीर प्रयास किया और सभी श्रमिकों को वापस बुलाने के प्रयास किये गये, और सम्बंधित जिला प्रशासन सोलापुर महाराष्ट्र से सीधे संपर्क कर सभी को वापस भेजनें का अनुरोध किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों से चर्चा अनुसार सभी श्रमिक महाराष्ट्र के सोलापुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए रविवार सुबह ट्रेन पकड़ चुके है। सभी श्रमिकों के सोमवार सुबह तक कटनी पहुंचने की सम्भावना हैद्य श्रम पदाधिकारी श्री मिश्रा, श्रमिकों के बराबर संपर्क में बने हुए हैं।

### पेट में मृत बच्चे को निकालकर बचाई गाय की जान

**कटनी।** उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डा आर के सिंह ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर पीरबाबा में एक गाय जिसके पेट मे बच्चा मृत हो गया था, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सौरव पांडेय,राकेश कुशवाहा,अतुल भुजिया एवं गौसेवक संतलाल ने बच्चे को बाहर निकालकर आवारा गाय की जान बचाई।

### जिले की 10 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**कटनी।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 22 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कन्नौर, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत पटौरी व मझगवां, पहुंचेगी।
इस दौरान ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

### कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा

**अनूपुर।** प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले भर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही में जगह-जगह भंडारे आयोजित करने की तैयारी की जा रही थी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें किसी ने आलू बंडा किसी ने खीर तो किसी ने हलवा पूरी तो किसी ने चावल दाल सब्जी कढ़ी का प्रसाद भंडारे के रूप में वितरण किया। कोतमा थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में अखंड मानस के उपरांत थाना परिसर में पुलिस के द्वारा भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

## भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रम संपन्न

# भगवामय हुआ नगर का माहौल





### माँ नर्मदा तट में श्रद्धालुओं ने की महाआरती

### नर्मदा तट पर हजारों दीप प्रज्वलित कर मनाई खुशियां

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर डिंडौरी जिले में भी काफी उत्साह देखने को मिला है। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर खुशियां मनाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डिंडौरी में आज सुबह से ही उत्सव का माहौल है। आज सुबह कलेक्ट्रेट कार्यालय से स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें कांग्रेस विधायक ओमकार मरकाम मर्यादा पुरषोत्तम राम का झंडा थामे हुए नजर आये तो वहीं इस प्रभात फेरी में कलेक्टर विकास मिश्रा समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हुए। बीजेपी कार्यालय के सामने बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रभात फेरी में आगे चल रहे राम लक्ष्मण और माता सीता की झांकी पर पुष्पवर्षा किया गया। मां नर्मदा के तट पर स्कूली बच्चों के द्वारा केवट संवाद का नाटक किया गया। डिंडौरी में आज दिनभर विविध धार्मिक आयोजन किया जाना है, जिसके तहत शाम को नर्मदा तट पर दीपदान किया गया ।

#### जिला मुख्यालय में निकाली भव्य शोभायात्रा

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मुख्यालय को भगवा झंडे और झालर से सजाया गया हैं, कॉलेज तिराहा से पुरानी डिंडौरी तक नगर भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस दौरान भगवान राम दरबार की सजीव झांकी निकाली गई,भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में विहिप कार्यकर्ता, भाजपा और आरएसएस कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में आमजन शामिल रहें।

#### भक्तिमय हुआ डिंडौरी जिले का माहौल

राममंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा समेत आरएसएस के अनुषांगिक संगठन काफी समय से तैयारियों में जुटे हुए थे, प्राण प्रतिष्ठा से पहले गांव गाँव गली गली कलश यात्रा निकाली गई थी, प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय होते ही हिन्दू धर्मलम्बियों के द्वारा पावन अवसर पर उत्सव मनाने के लिए विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अनेको गांवों में रामकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया, राममंदिर निर्माण को लेकर लोगो में काफी समय से इंतजार था।

#### रामायण पाठ के साथ रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

जिला मुख्यालय में सामाजिक संगठनों के द्वारा मंदिर समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों में रामायण पाठ का आयोजन किया गया, वही स्कूली बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता के तहत सड़को को सजाया गया।

## 152 मरीजों का हुआ इलाज, 190 रोगियों ने कराया पंजीकरण



### मिर्गी रोगियों के लिये पुष्पराजगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**राजेन्द्रग्राम।** 20 जनवरी को जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर के तत्त्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में एम्स नई दिल्ली की न्यूरो साइंस प्रोफेसर एवं प्रख्यात मिर्गी रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता भूषण के द्वारा 152 मिर्गी मरीजों का इलाज किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को 1 माह की दवाई भी प्रदान करते हुए नियमित दवाई खाने की सलाह दी गई डॉक्टर ममता भूषण ने उपचार के दौरान मरीजों को बताया कि मिर्गी रोगियों को दवाई लगातार सही डोज के साथ लेते रहना है तभी इस रोग को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह मस्तिष्क की एक पुरानी गैर-संक्रामक बीमारी है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। दुनिया भर में लगभग 50 मिलियन लोगों को मिर्गी है, जो इसे विश्व स्तर पर सबसे आम न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में से एक बनाती है। मिर्गी से पीड़ति लगभग 80% लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि मिर्गी से पीड़ति 70% लोग यदि उचित निदान और इलाज किया जाए तो दौरे से मुक्त रह सकते हैं। मिर्गी से पीड़ति लोगों में समय से पहले मौत का जोखिम सामान्य आबादी की तुलना में तीन गुना अधिक होता है। कम आय वाले देशों में रहने वाले मिर्गी से पीड़ति तीन चौथाई लोगों को वह इलाज नहीं मिल पाता जिसकी उन्हें जरूरत है। दुनिया के कई हिस्सों में, मिर्गी से पीड़ति लोग और उनके परिवार कलंक और भेदभाव से पीड़ति हैं। जनस्वास्थ्य सहयोग गनियारी के डॉक्टर पंकज तिवारी बताते है कि मिर्गी दुनिया की सबसे पुरानी मान्यता प्राप्त स्थितियों में से एक है।

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न संगठन ने किया पौधारोपण

### डीएसएस के पहल पर 22 पौधे 22 प्रजाति 22 तारीख को पौधारोपित

डिंडौरी।



आयोध्या में भगवान श्रीराम के बाल नूतन स्वरूप के स्थापना दिवस को विशेष बनाने के लिए जिला डिण्डोरी के विभिन्न संगठनों ने एक साथ मिलकर ग्राम करौंदी संजय निकुंज के समीप पौधारोपण किए। ज्ञात हो कि डीएसएस मध्यप्रदेश पौधारोपण महाअभियान चलाकर क्षेत्र में विभिन्न अवसरों में पौधारोपण कर रही है । इस अवसर को विशेष बनाने के लिए टीम डीएसएस ने जिला डिण्डोरी के भारतीय किसान संघ, भारती जनता पार्टी,विधिक सेवा समिति शहपुरा, आजाद अध्यापक संघ, मध्यप्रदेश जागरूक पटवारी संघ, योग समिति, शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर ष्जय जय श्रीराम ष के नारे लगाकर हर्षोल्लास के साथ 22 प्रजाति के पौधों का रोपण किए है और इस स्थल को ष्श्रीराम बाटिकाष का नाम रखा गया है ।

#### क्यों खास है श्रीराम बाटिका

ग्राम करौंदी संजय निकुंज व माँ शारदा गौशाला के समीप एक स्थल में जिला डिण्डोरी के विभिन्न संगठन के प्रमुखों ने पौधारोपण किया है जिसमें 22 प्रजाति के 22 पौधे 22 लोगों व 22 तारीख को भगवान श्रीराम के जय घोष के साथ रोपित किया गया है जोकि बडा ही अनोखा व मनमोहन स्थल है इसलिए यह खास है ।आज के इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जागरूक पटवारी संघ प्रांत अध्यक्ष सोहन साहू, अधिवक्ता संघ शहपुरा व डीएसएस अध्यक्ष दयाराम साहू, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू, कोषाध्यक्ष विवेकानंद साहू, डॉ श्वेता जैन जिला संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ डिण्डोरी,भीमशंकर साहू अध्यक्ष शहपुरा बनाओ संघर्ष समिति, विधिक सेवा समिति शहपुरा लिपिक महेंद्र कुड़ापे, जनपद सदस्य टेकेश्वर साहू, पूर्व फौजी सोनलाल परस्ते, ब्रज बिहारी साहू योग प्रभारी, तहसील अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार,विजय साहू भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष, सचिव डीएसएस एडवोकेट निर्मल कुमार साहू,कृष्ण कुमार साहू जिला बाल कार्य प्रमुख आरएसएस, डॉ विवेक साहू, शिक्षक विवेक साहू, देवेन्द्र साहू, पेंटर बलभद्र साहू, सुरेंद्र साहू,दिलीप झारिया संचालक शिव शक्ति वर्कशाप,नरेश साहू, भूता साहू, माली बलजीत सिंह, रोहित साहू, मनीष साहू, शारदा नामदेव, गन्नू बनवासी, नन्ना बनवासी सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे है ।

## प्रभारी अधिकारी परसेलकला में आयोजित कार्यक्रम में होंगी शामिल

अनूपपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के भारत सरकार से अनूपपुर जिले के लिए नियुक्त जिले की प्रभारी अधिकारी भारत सरकार के स्टील मंत्रालय की संचालक श्रीमती नेहा वर्मा 23 जनवरी को जिला प्रवास के दौरान पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसेलकला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगी तथा शाम 4:30 बजे से एसडीएम कार्यालय पुष्पराजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक करेंगी। संबंधित विभागों के जिला प्रमुखों से कार्यक्रम स्थल तथा बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

### संकल्प यात्रा का आज दैखल, फुनगा तो कल बुढ़ानपुर में होगा आयोजन

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 16 दिसम्बर 2023 को जिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों को स्थगित किया गया था। उन ग्राम पंचायतों में विभिन्न तिथियों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 23 जनवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत दैखल तथा जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत फुनगा, 24 जनवरी को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर एवं 25 जनवरी को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत खमरौध में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## सुबह टहल कर लौट रहे दो भाईयों को कार ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

### दतिया से आ रही थी कार, वाहन सहित चालक हिरासत में

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग से मॉर्निंग वॉक से घर लौट रहें दो सगे भाइयों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फुनगा चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 43 पर पयारी बस स्टैंड के पास दो भाई ग्राम कदम टोला निवासी 26 वर्षीय सुभाष साहू एवं 32 वर्षीय सुशील साहू सुबह टहल कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम पयारी बस स्टैंड के पास दतिया से छग के कोरिया जिले जा रही तेज रफ्तार कार क्र. सीजी 16 सीआर 5272 ने दोनो भाईयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों भाई पयारी बस स्टैंड के पास मेडिकल संचालित करते थे। चालक ने बताया कि छग के कोरिया जिले से मप्र के दतिया में पोखर महाराज के दर्शन कर वापस लौट रहें थे। फुनगा चौकी प्रभारी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि घटना के बाद वाहन वा चालक कन्हैलाल साहू को हिरासत लेते हुए पूछतांछ की जा रहीं हैं। मृतकों का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।





## डूमरकछार में सीसी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का मंत्री ने किया भूमिपूजन

**अनूपपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला के भव्य एवं दिव्य मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत भजन, कीर्तन, शोभायात्रा के साथ ही अयोध्या के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष कंचना मेहता, समाजसेवी प्रेमचंद्र यादव, आधाराम वैश्य, रवि सिंह, जितेन्द्र चौहान, रंजीत वर्मा, बिड्डू कृष्णानंद शर्मा, महेश चौहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा, उपयंत्री शिवराम इड़पाचे, श्रीमती सुनीता सिंह, राजेश कलशा, बृजमोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने इस अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड क्र. 01 से 09 के मध्य कायाकल्प अभियान 2.0 के अंतर्गत सीसी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य लागत 52 लाख का भूमिपूजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**नरसिंहपुर ।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर गोटेगांव विकासखंड में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्र के विद्यार्थियों ने श्री राम जी के पोस्टर, रंगोली, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्या प्रजापति प्रथम, प्रेमलता चौधरी द्वितीय, सुनीता ठाकुर तृतीय, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रेमलता चौधरी प्रथम, प्रेमसिंह ठाकुर द्वितीय, रंगोली प्रतियोगिता में जानकी चौधरी प्रथम, वंदना यादव द्वितीय, निबंध प्रतियोगिता में प्रेमलता चौधरी प्रथम, शिवेंद्र पटवा द्वितीय, विद्या प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। यह प्रतियोगिता जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा, विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

### नरसिंहपुर एवं गाडरवारा स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की हुई शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** पार्सल यातायात की बुकिंग पश्चिम मध्य रेल में कॉम्प्यूटरीकृत पार्सल प्रबंधन प्रणाली (पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम) से भी की जा रही है। रेलवे में पार्सल प्रबंधन प्रणाली का प्रमुख उद्देश्य पार्सल यातायात में वृद्धि करके पार्सल आय को बढ़ाना, पार्सल जगह का अधिकतम उपयोग, दावों को कम करना, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना एवं ग्राहक संतुष्टि में सुधार लाना है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों पर 14 रेलवे स्टेशनों पर पार्सल प्रबंधन प्रणाली की सुविधा उपलब्ध हैं। जबलपुर मण्डल मे नरसिंहपुर एवं गाडरवारा स्टेशनों पर पार्सल यातायात के लिए कॉम्प्यूटरीकृत पार्सल प्रबंधन प्रणाली उपलब्ध है। इस प्रणाली से पार्सल यातायात एवं लगेज को ट्रैक करना काफी आसान हो गया है। सामान लोड होते ही बुक करने वाले व्यक्ति के मोबाइल पर मेसेज आता और गंतव्य पर पहुँचने की भी जानकारी प्राप्त होती है। पार्सल प्रबंधन प्रणाली से रेल कर्मचारियों को भाड़े की ऑटोमेटिक गणना और मानवीय गलतियों में कमी होगी तथा ग्राहकों को परिवहन के दौरान पार्सलों के वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी और साथ ही बुकिंग एवं वजन में कम समय लगेगा।



### भगवान श्रीराम की स्तुति में लीन रहा जिला

# हम भाग्यशाली लोग हैं जो यह पल देख रहे हैं : प्रहलाद पटेल

### अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का हुआ सीधा प्रसारण



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।** सोमवार को अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल जिले के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और संकीर्तन के कार्यक्रमों में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल ने श्रीधाम में नगर देवता श्री ठाकुर बाबा मंदिर में जाकर पूजा- अर्चना कर उनके दर्शन किये। इसके बाद कंदेली नरसिंहपुर में राम मंदिर में पूजा- अर्चना करने के पश्चात परिक्रमा कर संकीर्तन में शामिल हुए। इसके बाद वे गुदरी बाजार के हनुमान मंदिर में पूजा- अर्चना करने के पश्चात अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लाइव प्रसारण को लोगों के साथ देखा व सुना।यहाँ भजन मंडली द्वारा भगवान श्रीराम के भजन गायन किया।

### श्री राम गीत काव्य पाठ का आयोजन

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन उपलक्ष्य में रामायण केंद्र जिला नरसिंहपुर की इकाई संयोजक डॉ गनेश कुमार सोनी तथा रामायण केंद्र भोपाल के निर्देशक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभु राम की महिमा पर समर्पित काव्य गीत का आयोजन सिद्धेश्वर दुर्गा मंडल प्रांगण यादव कॉलोनी नरसिंहपुर में किया गया । जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार खरे ने की वहीं अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम साहू उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम की पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुई उनकी स्तुति तथा मां वीणा पाणी की वंदना की गई। मंचासीन कवियों का राम नाम अंकित पट्टा एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रस्तुति की श्रृंखला में सर्वप्रथम कविवर हरिओम शर्मा द्वारा माँ शारदा वंदना करते हुए अपनी रचना के माध्यम से कहा जो सरल है ऐसे सरल है सरस नाम है वही राम है । उक्त आयोजतन मे कवि बलराम मेहरा ,सूर्यकांत साहू , बसंत सोनी, गोविंद नारायण , पत्रकार ललित श्रीवास्तव,कवियत्री रीना श्रीवास्तव ,कुंज बिहारी यादव, आशीष सोनी, नरेंद्र सराठे, डॉ गनेश कुमार सोनी ने अपनी रचना में अवध में हो रही, दर्शन दे दो राम, मंगलकारी संकटहारी ,तुम हो घट घट के वासी प्रस्तुत की । रामायण केंद्र के सदस्यों द्वारा सभी कवियों को श्री राम काव्य सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गनेश कुमार सोनी एवं कुंज बिहारी यादव ने किया एवं आभार प्रर्दशन विनोद मेहरा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरेंद्र खरे, पार्षद परषोत्तम (गुड्डा) साहू ,एस एस पटेल, राजेन्द्र राजपूत,मनोज रंजन, अरविंद सोनी, भूपेंद्र सिंह राजपूत,सूरज साहू कंप्यूटर आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम प्रशांत चौबे,नीरज पाटकर , लक्ष्मण वैष्णव व पत्रकार गण, समाजसेवी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।







### चरहाई मंदिर में की पूजा अर्चना



मंत्री श्री पटेल सिंहपुर चौराहा के पास चरहाई मंदिर में पूजा- अर्चन कर सदर मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित संकीर्तन में शामिल हुए। इसके बाद हाऊसिंग बोर्ड में सांई मंदिर और जरजोला रोड में पंचमुखी हनुमान मंदिर में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज के आनंद के लिए शब्द नहीं है। 5 शताब्दियों का संघर्ष और 25 से ज्यादा पीढ़ियों का बलिदान, आज के दिन ऐसा लगता है कि समुद्र की लहरें ठहर सी गई है। हम भाग्यशाली लोग हैं कि हमारी पीढ़ी के लोग जो देख पाये यह कोई कल्पना नहीं कर सकता था। आज इतिहास का वह दिन है, जो दुनिया के पटल लिखा जायेगा। सनातन के प्रतीक श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा आज अयोध्या में हुई है।

### दिन भर चला धार्मिक कार्यक्रमों का दौर

जिले में स्थित मंदिरों में लोगों ने सुबह से ही पहुंचकर पूजन- अर्चन एवं संकीर्तन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अलावा नागरिकों ने भी जगह- जगह भंडारे एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। प्रातः से ही कीर्तन मंडलियों मंदिरों में भजन गायन कर रही हैं। जिले मे भी उत्सव का महौल है। विभिन्न जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम, मंदिरों मे साफ सफाई के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। श्रीराम जी की शोभायात्रा के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें सभी जनों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। जहां राम भक्तों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई वहीं जगह-जगह सुंदरकांड भी चल रहा है। हर जगह खास साज- सज्जा, विद्युत सजावट, भजन संध्या, शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से समूचा जिला राममय हो चला है। पूरा वातावरण भक्ति में हो चुका है। भक्तों द्वारा श्रीराम के जयकारे लगाकर उनके दर्शन किये।

### दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर जिले में उत्सव का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से नरसिंह मंदिर में दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता करते हुए दीप प्रज्वलित किए। यहाँ दीपों की श्रृंखला से मंदिर जगमगा उठा। मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम के पूर्व मंदिर में पहुँचकर पूजा अर्चना की। यहाँ दीपदान के साथ की गई भव्य आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रही। मंत्री श्री पटेल ने यहाँ मौजूद लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा जय श्री राम के जयकारे लगाए गए। दीपोत्सव के दौरान राम मंदिर, स्वास्तिक, ऊँ आदि की आकृति पर दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम स्थल पर मनमोहक रंगोलियाँ भी बनाई गई थी।

### कलेक्टर ने की पूजा अर्चना

अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुई और उन्होंने यहाँ पूजा अर्चना की। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह,अन्य अधिकारी और नागरिक मौजूद थे। यहाँ पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भंडारा भी आयोजित किया गया था।

# निकली गई श्री राम की भव्य रामधुन शोभायात्रा



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर रामधुन मंडल हनुमान वार्ड करेली द्वारा विशाल भव्य श्री राम की रामधुन शोभायात्रा हनुमान वार्ड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होते हुए गाजे-बाजे ,आतिशबाजी और श्री राम के भजनों और जय कारों के साथ नगर के सभी मुख्य मार्ग पर स्थित मंदिरों में मंडल के सदस्य द्वारा मंदिर के द्वार पर फूलों की रंगोली बनाकर और दीए जलाकर निकाली गई। जिसमें नारी शक्ति ने सिर पर कलश रखकर सुबह 5 बजे से शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया । जिसमें आकर्षण का केंद्र गायकों द्वारा भगवान के संगीतमय भजन, दुल-दुल घोड़ी और संगीतमय संकीर्तन के साथ पूरे नगर को राम भक्ति से पूरे नगर को राममय कर दिया। तत्पश्चात मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी का सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पाठ कर भंडारा आयोजित किया। इस विशाल शोभायात्रा में विशाल जल समूह ने शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

### करेली राम मय हुई

भगवान राम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस के प्रमुख भ भागवत जी के एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर करेली में भी राम मय वातावरण शहर के विभिन्न मंदिरों में देखने को मिला सुबह से ही राम धुन शहर के मेन रोड से निकल गई राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के हृदय स्थल राम मंदिर करेली के प्रांगण में एक विशाल एलडी लगाई गई और कार्यक्रम को लाइव देखा गया दोपहर 2 बजे के लगभग राम भक्तों के द्वारा जय श्री राम नारो के साथ ढोल बाजे पटाखे फोड़ कर पैदल भव्य यात्रा निकालने के बाद दोपहर 3 बजे दो पहिया, चार पहिया वाहनों को लेकर भी राम मंदिर प्रांगण से जय श्री राम नारो के साथ मेन रोड से होते हुए तीनों पिछली सीमेंट रोड़ से होते हुए पुरानी गल्ला मंडी से मेंन रोड होते हुए सोमवार बाजार निकलते हुए करेली बस्ती पहुंचकर बापिस होंते हुए नया बस स्टैंड से होते हुए राम मंदिर करेली पहुंची जहां पर बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालु जनों ने भगवान राम के दर्शन कर पूजा दर्शन किया । राम रामलाल की पांच विशेषता के अवसर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान राम का भगवान राम का बालक रूप रखकर सर्वज्ञ उम्र 3 बर्ष ने पटवा रूप रखकर सबको पूजन करने के लिए विबास कर दिया । उक्त अवसर पर राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी ,काची काम कोठी के शंकराचार्य जी के शिष्य ने भी राम मंदिर करेली में आने वाले हजारों भक्तों को संबोधित किया श्री अयोध्या जी मे प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आदिशंकराचार्य रचित रामभुजंग प्रयात स्त्रोत्तम विषय पर श्रृंगेरी शारदा पीठ के परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य भारती तीर्थ जी से अनुग्रह प्राप्त परम पूज्य स्वामी श्री शंकर भारती जी ने भी संबोधित किया ।



# राममय हुआ संपूर्ण क्षेत्र

**तेंदूखेड़ा।** अयोध्या में राम लला के विराजमान के सुअवसर पर संपूर्ण क्षेत्र राम मय हो गया।हर घर में झंडे रंगोली मंगल कलश बंदन द्वारों के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की स्वागत बेला में प्रातः काल से नायक मंदिर परिसर से नगर के मुख्य मार्गों से विशाल रामधुन प्रभातफेरी निकाली गई। सेवाश्रम सोसल फॉन्डेसन द्वारा गायों को औषधि युक्त गुड़ भोग कराया गया। वहीं हरसिद्धि मंदिर परिसर से भगवान श्री राम जानकी लक्ष्मण कुमार हनुमान जी महाराज की सजीव झांकी निकाली गई जो नगर के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए नायक मंदिर में जाकर संपन्न हुई। नगरिया मंदिर के साथ साथ सभी मंदिरों में दोपहर एक बजे महाआरती भजन कीर्तन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर अपनी सहभागिता निभाते हुए खुशी में झूमते हुए नजर आए। मुख्य कार्यक्रम अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा श्री राम जानकी मंदिर परिसर बाजार मुहल्ला में आयोजित किया गया। अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा का सीधा लाइव प्रसारण एल सी डी के माध्यम से दिखाया गया। मंदिर में उपस्थित जनसमूह द्वारा भगवान की आरती उतारी गई। महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किए गए।दिन भर खीर हलवा प्रसादी का वितरण चलता रहा। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा पुराने बस स्टैंड पर भजनों का कार्यक्रम आयोजित कर हलवा खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया। वहीं नगरिया मंदिर में भी खीर प्रसादी वितरण की गई। रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन में चार चांद लगाए। संपूर्ण कार्यक्रमों मे प्रशासनिक व्यवस्था सराहनीय रही। वहीं एक दिन पूर्व जिलें की नवागत कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी आयोजन स्थलों का मुआयना किया।उक्त अवसर पर दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम तथा श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए स्पष्ट किया कि श्री राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं। काफी लंबे समय बाद हमारे आराध्य अपने मूल स्थान पर विराजमान हुये है। हमारे जीवन का यह अविस्मरणीय समय होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बदौलत आज संपूर्ण दुनिया में यह जश्न मनाने का हमें पुण्य अवसर मिला है। निश्चित तौर पर भारत वर्ष के प्रत्येक व्यक्ति में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। हम श्री राम के जीवन को अपने चरित्र में उतारे। सत्कर्मों में संलग्न बनें रहें।इस मौके पर क्षेत्रीय जन श्रद्धालु गण महिलायें पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


जय गणतंत्र जय निरंजन जय भारतपर्व

जिले की श्रेष्ठतम शैक्षणिक एवं रचनात्मक संस्था

महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली



नेता सुभाषचंद्र जी



ठा. निरंजन सिंह जी

की ओर से नेता सुभाषचंद्र जी, क्रांतिवीर ठा. निरंजन सिंह की जयंती एवं 75 वे गणतंत्र दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें एवं अमर शहीदों को शत् शत् नमन्।

-:शुभेच्छु :-

कमलेश सोनी (अध्यक्ष) | मधुसूदन पालीवाल (वरि. उपाध्यक्ष) | संजीव खजांची (सचिव)

सौजन्य :- महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली एवं समस्त सदस्यगण आदर्श शिक्षण समिति करेली